i-NEXT PAGE 6

एलयू का कजाख यूनि. संग एमओयू

LUCKNOW (7 June): एलयू ने आईटी क्षेत्र में प्रशिक्षण, शैक्षिक, वैज्ञानिक, नवीन गतिविधियों के क्षेत्र में सहयोग और साझेदारी विकसित करने के लिए कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस के साथ एमओयू किया. इस समझौते के तहत, दोनों संस्थाएं प्रौद्योगिकी, लेखांकन और वित्त, अर्थशास्त्र, प्रबंधन, डिजाइन, जैव प्रौद्योगिकी, पारिस्थितिकी और पर्यावरण, तेल और गैस, खनन और रासायनिक उद्योग, मानकीकरण और प्रमाणन, पर्यटन, खानपान और होटल व्यवसाय आदि क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे. इस सहयोग समझौते के तहत शिक्षा, संयुक्त शैक्षिक कार्यक्रमों के विकास और कार्यान्वयन, वैज्ञानिक संगोष्ठियों और सम्मेलनों सहित संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों वगैरह में भागीदारी हो सकेगी.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

रैंकिंग सुधारने के लिए लविवि बनाएगा अलग सेल

कार्य परिषद की बैठक आज, नए कोर्स की सहयुक्तता समेत कई मुद्दों पर भी होगा फैसला

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में लचर प्रदर्शन के बाद अब लखनऊ विश्वविद्यालय इसके प्रति गंभीर होता दिख रहा है। विवि प्रशासन रैंकिंग के लिए अलग सेल बनाने जा रहा है। इसके पास एनआईआरएफ समेत अन्य महत्वपूर्ण रैंकिंग के लिए तैयारी करना और जरूरी दस्तावेज जुटाने की जिम्मेदारी होगी। लविवि में बहुमतिवार को होने वाली कार्य परिषद की बैठक में इस पर मुहर लगेगी। इसके साथ ही नए कालेजों व नए कोर्स की मान्यता समेत कई अहम मुद्दों को मंजूरी के लिए रखा जाएगा।

प्रस्तावित सेल में सात सदस्य होंगे। इन पर पांच प्रमुख राष्ट्रीय और पांच अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में लखनऊ विवि का स्थान सुधारने की जिम्मेदारी होगी। पूरे साल डाटा जमा करना और बाद में उसे निर्धारित फॉर्मेट में भरने का काम भी इसी सेल का होगा। रैंकिंग के लिए स्थायी सेल बनी होने पर इसके कामों में तेजी और विशेषज्ञता आएगी।

20 से ज्यादा नए महाविद्यालयों को संबद्धता देने का प्रस्ताव रखा जाएगा बैठक की

बैठक में रैंकिंग के लिए अलग सेल के साथ कई शिक्षकों के अवकाश संबंधी मामलों पर भी फैसला होगा। अगले महीने से नया सत्र शुरू होना है। ऐसे में जिन कालेजों ने नए पाठ्यक्रमों की मान्यता के लिए आवेदन किया है, उनके प्रस्ताव पर भी बैठक में ही फैसला होना है। इसके अलावा इस सत्र में लखनऊ के साथ चार जनपद में 20 से ज्यादा नए महाविद्यालयों को संबद्धता देने का प्रस्ताव भी कार्य परिषद के सामने रखा जाएगा। प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद इन कालेजों में भी दाखिले शुरू हो जाएंगे।

राज्यपाल ने ली केजीएमयू की समीक्षा बैठक

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में नैक की ए प्लस ग्रेड प्राप्त केजीएमयू की नैक तैयारी के लिए बनाई टीम के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने ब्राइटरिंग साइन नैक में प्राप्तांकों और उच्चतम ग्रेड हेतु रह गई कमियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अपनी कमियों को दूर करके विवि पांच साल बाद उच्चतम ग्रेड प्राप्त कर सकता है। राज्यपाल ने विवि के कुलपति को केंद्र सरकार के निर्णय पर आईआईटी आसाम और मेडिकल कालेज की ओर से संयुक्त रूप से किए जा रहे शोध एवं नवाचार की तर्ज पर केजीएमयू को भी प्रेरित किया। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, वित्तीय कार्याधिकारी शिखा पंकज जोनी, कुलपति डॉ. विपिन पुरी आदि थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

रिसर्च राइटिंग में दो छात्र पुरस्कृत

लखनऊ। लविवि के विधि संकाय के विद्यार्थियों साम्या गौतम और हेमंत पांडेय को रिसर्च राइटिंग प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने पर 2500 रुपये का चेक व प्रमाणपत्र दिया गया। लॉक्टोपस लॉ स्कूल की प्रतियोगिता में इन्होंने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। (संबाद)

जलवायु परिवर्तन पर सेमिनार

LUCKNOW (7 June): लखनऊ यूनिवर्सिटी में जलवायु परिवर्तन और सुधारात्मक तरीकों पर एक खास कार्यक्रम हुआ. इसमें आईआईएम मुंबई के प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी ने जलवायु परिवर्तन और सुधारात्मक तरीकों पर चर्चा की. उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन न तो रुक रहा है और न ही धीमा हो रहा है, बल्कि इसमें तेजी आ रही है. उन्होंने खुद सोलर बस के माध्यम से 11 साल लंबी ऊर्जा स्वराज यात्रा का कदम उठाया है. कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर राकेश कुमार द्विवेदी, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर रूपेश कुमार, डॉ. जमशेद, पवन कुमार, अंजली, शीतांशु, शशांक व अन्य महाविद्यालयों के शिक्षक और छात्र मौजूद रहे.

THE PIONEER PAGE 3

LU SIGNS PACT WITH KAZAKH UNIVERSITY

The University of Lucknow has signed a memorandum of cooperation with Kazakh University of Technology and Business (Astana) with an aim to develop cooperation and partnership in the field of educational, scientific, innovative activities in accordance with the areas of training in IT, accounting & finance, economics, management, design, biotechnology, ecology & environment, oil & gas, mining & chemical industries, standardisation and certification, tourism, and catering & hotel business.

VoL PAGE 3

लविवि ने कजाख विवि के साथ किया एमओयू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि ने आईटी क्षेत्र में प्रशिक्षण, शैक्षिक, वैज्ञानिक, नवीन गतिविधियों के क्षेत्र में सहयोग और साझेदारी विकसित करने के उद्देश्य से कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत दोनों संस्थाएं प्रौद्योगिकी, लेखांकन और वित्त; अर्थशास्त्र; प्रबंधन, डिजाइन, जैव प्रौद्योगिकी, पारिस्थितिकी और पर्यावरण, तेल और गैस, खनन और रासायनिक उद्योग; मानकीकरण और प्रमाणन, पर्यटन, खानपान और होटल व्यवसाय आदि क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे। इन क्षेत्रों में छात्रों, विशेषज्ञों, शिक्षकों के आदान-प्रदान, विद्यार्थियों की इंटर्नशिप, शिक्षकों के व्यावसायिक विकास, लविवि द्वारा कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिसनेस के शिक्षकों के लिए अंग्रेजी भाषा पाठ्यक्रम कराने और अन्य अकादमिक क्षेत्रों में संयुक्त गतिविधियों के कार्यान्वयन पर सहमति व्यक्त की। इस सहयोग समझौते के तहत शिक्षा, संयुक्त शैक्षिक कार्यक्रमों के विकास और कार्यान्वयन, वैज्ञानिक संगोष्ठियों और सम्मेलनों सहित संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों का संचालन, वैज्ञानिक पत्रिकाओं में लेखों का संयुक्त प्रकाशन, छात्रों के लिए रचनात्मक और शैक्षिक प्रकृति के सांस्कृतिक और सामूहिक कार्यक्रमों में भागीदारी पर भी क्रिया कलाप हो सकेंगे। यह एक विशेष समझौता ज्ञापन है जहां कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस कजाकिस्तान ने लविवि के साथ बातचीत के लिए कजाकिस्तान में भारतीय दूतावास से संपर्क किया था।

पिछले साल अक्टूबर में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ कुछ देशों के राजदूतों की बैठक आयोजित की थी। यह एमओयू उसी बैठक का परिणाम है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय वैश्विक सहयोग में विश्वास करता है और इस दिशा में हम एशियाई देशों के साथ द्विपक्षीय शैक्षणिक संबंध स्थापित कर रहे हैं।

HINDUSTAN PAGE 6

लविवि ने कजाख विवि के साथ किया करार

लखनऊ। आईटी के क्षेत्र में प्रशिक्षण, शोध, नवाचार को विकसित करने लिए लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस के साथ करार किया। दोनों संस्थान प्रौद्योगिकी, लेखांकन और वित्त अर्थशास्त्र, प्रबंधन, डिजाइन, जैव प्रौद्योगिकी, पारिस्थितिकी और पर्यावरण, तेल और गैस, खनन और रासायनिक उद्योग; मानकीकरण और प्रमाणन, पर्यटन, खानपान और होटल व्यवसाय पर मिलकर काम करेंगे। इन क्षेत्रों में छात्रों, विशेषज्ञों, शिक्षकों के आदान-प्रदान, इंटर्नशिप, शिक्षकों के व्यावसायिक विकास पर सहमति जताई है। डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने बताया लविवि अकादमिक उत्कृष्टता और उन्नत शोधों के लिए समर्पित है। (संवाद)

टैगोर लाइब्रेरी में नए सिलेबस की किताबें

लखनऊ। एलयू की टैगोर लाइब्रेरी में नए सत्र से छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत सिलेबस वाली पुस्तकें मिल सकेंगी। इसके लिए कुलसचिव की ओर से सभी विभागाध्यक्षों से सूची मांगी है। एनईपी के तहत कई पाठ्यक्रमों के सिलेबस में बदलाव किया गया है। कई विभागों में कुछ मुद्दों को जोड़ा है तो रक्षा अध्ययन और पुरातत्व विभाग में कई को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है।

आईटी, पर्यटन पर काम करेंगे एलयू, कजाख विवि

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस के बीच एमओयू साइन किया गया है। दोनों विश्वविद्यालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, आईटी, पर्यटन, डिजाइन, खाद्य प्रौद्योगिकी, अंग्रेजी भाषा शिक्षण, वित्त और अर्थशास्त्र, प्रबंधन के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। इस एमओयू से छात्रों के आदान-प्रदान, स्नातकों की इंटर्नशिप, व्याख्यान की राहत सरल होगी।

PIONEER PAGE 3

लखनऊ विश्वविद्यालय व कजाख यूनिवर्सिटी के बीच करार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आईटी क्षेत्र में प्रशिक्षण, शैक्षिक, वैज्ञानिक, नवीन गतिविधियों के क्षेत्र में सहयोग और साझेदारी विकसित करने के उद्देश्य से बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय व कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। समझौते के तहत दोनों संस्थाएं प्रौद्योगिकी, लेखांकन और वित्तीय अर्थशास्त्र, प्रबंधन, डिजाइन, जैव प्रौद्योगिकी, पारिस्थितिकी और पर्यावरण, तेल और गैस, खनन और रासायनिक उद्योग मानकीकरण और प्रमाणन, पर्यटन, खानपान और होटल व्यवसाय आदि क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे। इन क्षेत्रों में छात्रों, विशेषज्ञों, शिक्षकों के आदान-प्रदान, विद्यार्थियों की इंटर्नशिप, शिक्षकों के व्यावसायिक विकास, लविवि द्वारा कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिसनेस के शिक्षकों के लिए अंग्रेजी भाषा पाठ्यक्रम कराने और अन्य अकादमिक क्षेत्रों में संयुक्त गतिविधियों के कार्यान्वयन पर सहमति व्यक्त की।

इस सहयोग समझौते के तहत शिक्षा, संयुक्त शैक्षिक कार्यक्रमों के विकास और कार्यान्वयन, वैज्ञानिक संगोष्ठियों और सम्मेलनों सहित संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों का संचालन, वैज्ञानिक पत्रिकाओं में लेखों का संयुक्त प्रकाशन, छात्रों के लिए रचनात्मक और शैक्षिक प्रकृति के सांस्कृतिक और सामूहिक कार्यक्रमों में भागीदारी पर भी क्रिया कलाप हो सकेंगे। बता दें कि यह एक विशेष समझौता ज्ञापन है, जहां कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस कजाकिस्तान ने लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ बातचीत के लिए कजाखस्तान में भारतीय दूतावास से संपर्क किया था। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के मुताबिक श्लखनऊ विश्वविद्यालय वैश्विक सहयोग में विश्वास करता है और इस दिशा में हम एशियाई देशों के साथ द्विपक्षीय शैक्षणिक संबंध स्थापित कर रहे हैं। प्रो पूनम टंडन, डीन एकेडमिक्स और डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर का कहना है कि कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिसनेस कजाकिस्तान के साथ सहयोग का ज्ञापन सीमा पार हमारे ज्ञान का प्रसार करेगा।

खुन खुन जी पीजी कॉलेज व नॉन ओलंपिक एसोसिएशन के बीच एमओयू: चौक स्थित खुन खुन जी पीजी कॉलेज में स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी एके सक्सेना व खुन खुन जी गर्ल्स पी जी कॉलेज की प्राचार्या के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। प्राचार्या डॉ अंशु केडिया ने बताया कि स्वदेशी खेलों में गुट्टक, घोड़ा जमाल खाय, गेंद ताड़ी, गुल्ली डंडा, रुमाल झपट्टा, लूडो, सतौलिया, स्पिनिंग टॉप जैसे परंपरागत भारतीय खेल शामिल है। प्राचार्या ने बताया कि नवंबर,दिसंबर 2023 में परंपरागत व भूले बिसरे खेलों की अंतर्महाविद्यालयीय चैंपियनशिप खुनखुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज व यूपी नॉन ओलंपिक एसोसिएशन के मध्य कराए जाने पर सहमति बनी है, जिसके माध्यम से भूले बिसरे खेलों जिनसे लोग अपना बचपन याद करते हैं को आजकल के डिजिटल दुनिया की पीढ़ी के बीच पहुंचाया जा सकेगा।

AMRIT VICHAR PAGE 4

आईटी, पर्यटन व डिजाइन पर लविवि करेगा फोकस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कजाकिस्तान विश्वविद्यालय के साथ साइन हुआ एमओयू

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय ने आईटी क्षेत्र में प्रशिक्षण, शैक्षिक, वैज्ञानिक, नवीन गतिविधियों के क्षेत्र में सहयोग और साझेदारी विकसित करने के उद्देश्य से कजाकिस्तान यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

इस समझौते के तहत, दोनों संस्थाएं प्रौद्योगिकी, लेखांकन और वित्त अर्थशास्त्र प्रबंधन, डिजाइन, जैव प्रौद्योगिकी, पारिस्थितिकी और पर्यावरण, तेल और गैस, खनन और रासायनिक उद्योग<bha>;</bha> मानकीकरण और प्रमाणन, पर्यटन, खानपान और होटल व्यवसाय आदि क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे। इन क्षेत्रों में छात्रों, विशेषज्ञों , शिक्षकों के आदान-प्रदान, विद्यार्थियों की इंटर्नशिप, शिक्षकों के व्यावसायिक विकास, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड बिसनेस के शिक्षकों के लिए अंग्रेजी भाषा पाठ्यक्रम विकास एवं पुनश्चर्या कार्यक्रम कराने और अन्य अकादमिक क्षेत्रों में संयुक्त गतिविधियों के कार्यान्वयन पर सहमति व्यक्त की।

इस सहयोग समझौते के तहत शिक्षा, संयुक्त शैक्षिक कार्यक्रमों के विकास और कार्यान्वयन, वैज्ञानिक संगोष्ठियों और सम्मेलनों सहित संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों का संचालन, वैज्ञानिक पत्रिकाओं में लेखों का संयुक्त प्रकाशन, छात्रों के लिए रचनात्मक और शैक्षिक प्रकृति के सांस्कृतिक और सामूहिक कार्यक्रमों में भागीदारी पर भी क्रिया कलाप हो सकेंगे।

–प्रोफेसर आलोक राय, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय

पहली बार हुआ इस तरह का समझौता

विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बताया यह एक विशेष समझौता ज्ञापन है जहां कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड बिसनेस कजाकिस्तान ने लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ बातचीत के लिए कजाकिस्तान में भारतीय दूतावास से संपर्क किया। पिछले साल अक्टूबर में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ कुछ देशों के राजदूतों की बैठक आयोजित की थी। यह एमओयू उसी बैठक का परिणाम है। इस बारे में प्रो. पूनम टंडन, डीन एकेडमिक्स और डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर ने कहा कि कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड बिसनेस कजाकिस्तान के साथ सहयोग का ज्ञापन सीमा पार हमारे ज्ञान का प्रसार करेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय अकादमिक उत्कृष्टता और उन्नत शोधों के लिए समर्पित है। हमारी उत्तरोत्तर बढ़ती रैंकिंग हमारी शैक्षिक उत्कृष्टता में नए भागिदार ला रहा है।

विधि संकाय के दो छात्र पुरस्कृत

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय के छठे सेमेस्टर के छात्र साम्या गौतम एवं हेमंत पाण्डेय ने लॉक्टोपस लॉ स्कूल की ओर से आयोजित राष्ट्रीय लीगल रिसर्च पेपर राइटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों को इनाम के रूप में सर्टिफिकेट ऑफ़ मेरिट और 25 हजार की धन राशि से पुरस्कृत किया गया। विधि संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रोफ़ेसर बंशीधर सिंह,प्रोफ़ेसर आनंद विश्वकर्मा, डॉ. राधेश्याम प्रसाद एवं डॉ. वरुण छाछड़ ने छात्रों की जीत पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

जलवायु परिवर्तन और सुधारात्मक तरीके पर चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय में जलवायु परिवर्तन और सुधारात्मक तरीकों पर आईआईटी मुंबई के प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी, एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के संस्थापक सौर ऊर्जा के ब्रांड एंबेसडर की ओर से जलवायु परिवर्तन और सुधारात्मक तरीकों पर चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन न तो रुक रहा है और न ही धीमा हो रहा है। बल्कि इसमें तेजी आ रही है। जिसमें उन्होंने बताया कि वे स्वयं सोलर बस के माध्यम से 11 साल लंबी ऊर्जा स्वराज यात्रा जिसमें 11 साल तक घर न जाने की प्रतिज्ञा के साथ, जलवायु सुधार की दिशा में बड़े पैमाने पर जागरूकता और कार्रवाई करने के लिए कदम उठाया है। इसका उद्देश्य 100% सौर ऊर्जा संचालित जीवन की दिशा में एक सार्वजनिक आंदोलन बनाना है।

TOI PAGE 2

LU, Kazakh Univ tie up to boost science

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The Lucknow University has joined hands with the Kazakh University of Technology and Business, in Astana, Kazakhstan, to develop partnership in the fields of education, science, tourism and hotel business.

As part of the agreement, the two universities will ensure student exchange programme, scientific internship for undergraduates, professional development of teachers, English language courses for teachers, implementation of double-degree education, mass events of creative and educational nature for students and others.

"We are admitting two of their students for one-semester study in July. We will hold a workshop on teaching methodologies for their faculty," said director of LU's International Collaboration and International Students' Advisor, Prof RP Singh.

"Kazakh University of Technology and Business, Astana (Kazakhstan), approached the Indian embassy in Kazakhstan for negotiations with LU. In October last year, Governor Anandiben Patel had organized a meeting of the ambassadors of some countries with the vice-chancellors of different universities of Uttar Pradesh. This MoU is a result of the same meeting," said LU vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai.

LU cell to monitor rankings soon

Lucknow University will establish a dedicated ranking cell that will work on the performance and improvement of LU's national and international level ranking. The proposal for the formal formation of the cell will be kept in the executive council (EC) meeting to be held on Thursday. The cell will have seven members with Prof Geetanjali Mishra as its director. The team will be responsible for analysing LU's performance in every national and international level ranking. The decisions on sanctioning the leave of teachers involved in projects and visiting professors will also be taken up at the EC meeting.

"The Lucknow University believes in global handholding, and in this line, we are building bilateral academic relations with Asian countries. We are ready to share our best practices and research with our international partners," said LU vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai.

JAGRAN CITY PAGE III

बीएससी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 जून से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग ने बीएससी दूसरे व चौथे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराने की तैयारी शुरू कर दी है। दूसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 से 25 जून और चौथे सेमेस्टर की यह परीक्षाएं 20 जून से 10 जुलाई तक कराने की तिथि प्रस्तावित की गई है।

कालेजों को भेजे गए पत्र के अनुसार इन कक्षाओं के शिक्षकों की वरिष्ठता के अनुसार सूची, मोबाइल नंबर एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की बैचवार सूची 10 जून तक ई-मेल luzoologybsc@gmail.com पर देने के लिए कहा है। कालेजों से कहा गया है कि वह रेगुलर एवं इक्जेम्प्टेड विद्यार्थियों के बैच बनाकर प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि व समय भी प्रस्तावित करें, जिससे प्रक्रिया फाइनल की जा सके।

आज से पीएचडी कोर्स वर्क : लविवि के शारीरिक शिक्षा विभाग ने पीएचडी कोर्स वर्क की समय सारिणी जारी कर दी है। इसकी आनलाइन कक्षाएं गुरुवार से शुरू होंगी। विभाग के हेड प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि आनलाइन कक्षाओं का समय दोपहर 12.55 से 1.25 बजे और 1.25 से 2.20 बजे तक रहेगा।

लविवि के विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर सकेंगे इंटर्नशिप

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक छात्र-छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंटर्नशिप का मौका मिलेगा। इसके लिए लविवि ने कजाख यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी एंड बिजनेस के साथ आनलाइन माध्यम से मंगलवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

दोनों विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी, लेखांकन और वित्त, अर्थशास्त्र, प्रबंधन, डिजाइन, पर्यावरण, तेल और गैस, खनन और रासायनिक उद्योग, पर्यटन और होटल व्यवसाय आदि क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे। लविवि की डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि इस एमओयू के तहत लविवि कजाख यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी एंड बिजनेस के शिक्षकों के लिए अंग्रेजी भाषा पाठ्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कुलपति के प्रो. आलोक राय ने बताया कि विश्वविद्यालय एशियाई देशों के साथ द्विपक्षीय शैक्षणिक संबंध स्थापित कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ अपनी बेस्ट प्रक्टिसेस और शोधों को साझा करने के लिए हम तैयार हैं।

जलवायु परिवर्तन पर चर्चा

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, आइआइटी मुंबई के प्रो. चेतन सिंह सोलंकी व एनर्जी स्वराज फाउंडेशन ने जलवायु परिवर्तन एवं सुधारात्मक तरीकों पर चर्चा की। सोलर बस के माध्यम से ऊर्जा स्वराज यात्रा के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रूपेश कुमार, डा. जमशेद, पवन कुमार, अंजली, शीतांशु, शशांक व शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे। (जासं)

डेविड कार्ड के माध्यम से जमा की जा सकती है।

लविवि भी बदलेगा यूजी प्रवेश परीक्षाओं की तिथियां: लखनऊ विश्वविद्यालय

स्नातक प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव करेगा। अभी तक 15 से 25 जून तक तिथि प्रस्तावित की गई थीं, लेकिन विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों को एक और मौका देते हुए आवेदन करने की तिथि 15 जून तक बढ़ा दी है। ऐसे में तिथि बदलना तय है। लविवि के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जल्द ही स्नातक का नया परीक्षा शेड्यूल जारी किया जाएगा।

क्रिश्चियन डिग्री कालेज में पीजी के आवेदन शुरू: लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कालेज में परास्नातक में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई। कालेज में एमए अंग्रेजी की 60 और एमएससी केमिस्ट्री की 40 सीटों पर दाखिले मेरिट से होंगे। आफलाइन आवेदन फार्म का शुल्क 800 रुपये और आनलाइन फार्म 850 रुपये का है। 15 जुलाई तक आवेदन किए जा सकेंगे। हालांकि अभी सिर्फ आफलाइन आवेदन ही शुरू हो पाए हैं। आनलाइन का विकल्प बुधवार शाम तक वेबसाइट पर नहीं खुला।

बीएससी तीसरे सेमेस्टर के परिणाम जारी: लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएससी तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी कर दिया। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से परिणाम देख सकते हैं।

लविवि में कार्य परिषद की बैठक आज

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन हाल में गुरुवार शाम चार बजे कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक होगी। बैठक में नए कालेज खोलने, पुराने कालेजों में अतिरिक्त कोर्सों को अनापत्ति एवं सम्बद्धता दिए जाने संबंधी 100 से ज्यादा प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा लविवि में नवीन रैंकिंग सेल से लेकर विभिन्न विभागों एवं संस्थानों की अध्ययन मंडल के गठन सहित कई प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी।

लविवि विधि संकाय के दो छात्र पुरस्कृत

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय के छठे सेमेस्टर के छात्र साम्या गौतम एवं हेमंत पाण्डेय ने लॉक्टोपस लॉ स्कूल की ओर से आयोजित राष्ट्रीय लीगल रिसर्च पेपर राइटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों को इनाम के रूप में सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट एवं 2500 रुपये की धनराशि से पुरस्कृत किया गया। विधि संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रो. बंशीधर सिंह, प्रो. आनंद विश्वकर्मा, डॉ. राधेश्याम प्रसाद एवं डॉ. वरुण छाछड़ ने छात्रों की जीत पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

LOKSATYA PAGE 3

एलयू के दो लॉ स्टूडेंट्स रिसर्च राइटिंग प्रतियोगिता के विजेता

लखनऊ। लखनऊ यूनिवर्सिटी लॉ डिपार्टमेंट के छठे सेमेस्टर के स्टूडेंट् स हेमंत पांडेय व सौम्या गौतम ने लॉक्टोपस लॉ स्कूल की नेशनल लीगल रिसर्च पेपर राइटिंग प्रतियोगिता में सेकेंड विजेता बने। स्टूडेंट् स को इनाम के रूप में सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट व 2500 की पुरस्कार राशि से नवाजा गया। लॉ डिपार्टमेंट अध्यक्ष प्रोबंशीधर सिंह, प्रो आनंद विश्वकर्मा, डॉ. राधेश्याम प्रसाद व डॉ. वरुण छाछड़ ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। लोकसत्य

एलयू का कजाख यूनिवर्सिटी के साथ समझौता

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ यूनिवर्सिटी आईटी क्षेत्र में प्रशिक्षण, शैक्षिक, वैज्ञानिक, नवीन गतिविधियों के क्षेत्र में सहयोग और साझेदारी के लिए कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए।

समझौते के तहत, दोनों संस्थाएं प्रौद्योगिकी, लेखांकन और वित्त; अर्थशास्त्र; प्रबंधन, डिजाइन, जैव प्रौद्योगिकी, पारिस्थितिकी और पर्यावरण, तेल और गैस, खनन और रासायनिक उद्योग; मानकीकरण और प्रमाणन, पर्यटन, खानपान और होटल व्यवसाय आदि क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे। इन क्षेत्रों में छात्रों, विशेषज्ञों, शिक्षकों के आदान-प्रदान, विद्यार्थियों की इंटर्नशिप, शिक्षकों के व्यावसायिक विकास,

आईटी क्षेत्र में प्रशिक्षण, शैक्षिक, वैज्ञानिक गतिविधियों को मिलेगा बढावा

लखनऊ यूनिवर्सिटी व कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड बिसनेस के शिक्षकों के लिए अंग्रेजी भाषा पाठ्यक्रम विकास एवं पुनश्चर्या कार्यक्रम कराने और अन्य अकादमिक क्षेत्रों में संयुक्त गतिविधियों के कार्यान्वयन पर सहमति व्यक्त की।पिछले वर्ष अक्टूबर में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने यूपी के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ कुछ देशों के राजदूतों की बैठक की थी। यह एमओयू उसी बैठक का परिणाम है। एलयू वीसी प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि लखनऊ यूनिवर्सिटी वैश्विक सहयोग में विश्वास करता है, और इस दिशा में हम एशियाई देशों के साथ द्विपक्षीय शैक्षणिक संबंध स्थापित कर रहे हैं। डीन एकेडमिक्स और डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो पूनम टंडन ने कहा कि सहयोग का ज्ञापन सीमा पार हमारे ज्ञान का प्रसार करेगा।, निदेशक अंतराष्ट्रीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय छात्र सलाहकार एलयू प्रो आरपी सिंह ने कहा कि यह समझौता वीसी प्रो अलोक कुमार राय के प्रेरणा से हुआ है। कजाख यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड बिसनेस कजाकिस्तान के साथ सहयोग ज्ञापन के तहत, हम अपने अगले सत्र में दो स्टूडेंट्स को एक सेमेस्टर के अध्ययन के लिए प्रवेश दे रहे हैं। हम जल्द ही उनके शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए अंग्रेजी शिक्षण एवं शिक्षण पद्धति पर एक कार्यशाला करेंगे।

HT PAGE 4

LU inks MoU with Kazakh university

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW: After the National Assessment and Accreditation Council (NAAC) upgraded its ratings to A++ last July, the University of Lucknow (LU) has been receiving proposals for collaborations from its counterparts in other countries.

The university on Wednesday signed a memorandum of cooperation (MoC) with the Kazakh University of Technology and Business Astana, Kazakhstan with an aim to develop cooperation and partnership in the fields of IT-technologies, accounting and finance, economics, management, design, biotechnology, ecology and the environment, oil and gas, mining and chemical industries, standardisation and certification, tourism, catering and hotel business, the university said in a press note.

Under the agreement